Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B^+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Organizing Department: Home Science

Celebration of World Breastfeeding Week (01-07 August

03.08.2022

विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर श्री अरविंद महिला महाविद्यालय , पटना के गृह विज्ञान विभाग तथा इनरव्हीलक्लब ऑफ पटना के संयुक्त तत्वावधान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्षा डॉ विमी सिंह ने बताया कि इस आयोजन का एकमात्र उद्देश्य माताओं एवम शिशुओं को स्तनपान से होने वाले विभिन्न प्रकार के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना है। उन्होंने यह बताया कि यूनिसेफ के 2018 के डेटा के अनुसार भारत में 41.6% शिशुओं को जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान कराया जाता है जबकि बिहार में NFHS-5 के अनुसार 31% शिशुओं को जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान कराया जाता है। साथ ही यह भी बताया कि NFHS-4 के अनुसार 53.4% छह माह से कम उम्र के शिशुओं को सिर्फ माता का दूध दिया गया जबकि NFHS-5 के अनुसार यह आंकड़ा बढ़कर 58.9% हो गया है।

कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डॉ पूनम ने बताया कि महिला ही सृजन की आधार हैं और इस महिला महाविद्यालय में छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत सारे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहता है। उन्होंने बताया कि मां का दूध शिशुओं के लिए अमृत के समान होता है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एनएमसीएच , पटना की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ ममता सिंह ने संबोधित करते हुए बताया कि मां का दूध शिशुओं के लिए संपूर्ण आहार होता है। भारत में प्रत्येक साल लगभग एक लाख शिशुओं की असामयिक मौत हो जाती है जिससे बचने के लिए यह जरूरी है कि शिशुओं को मां का दूध उचित समय तक पिलाया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि स्तनपान न सिर्फ

शिशुओं को कई रोगों से बचाता है बल्कि मांओं को भी अनेक बीमारियों से बचाने में सहायक होता है। उन्होंने अपने उद्बोधन में इस मिथक को भी तोड़ा कि स्तनपान से महिलाओं का फिगर खराब होता है। इनरव्हीलक्लब ऑफ पटना की ओर से महाविद्यालय में छात्राओं के लिए सैनिटरीनैपकिनवेंडिंग मशीन और डिस्ट्रॉयर मशीन लगाने की भी घोषणा की गई जिसका छात्राओं ने तहे दिल से स्वागत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की नोडलऑफिसर डॉ प्रेम कुमारी , प्रॉक्टर डॉ बीमौर्या , डॉ मिनी सिंह , डॉ पुष्पा राय , डॉ अजय कुमार राय , डॉ सपना बरुआ , गोपाल कुमार और आदित्य भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

स्तनपान से मां और शिशु दोनों रहते हैं स्वस्थ

पटना. विश्व स्तनपान सप्ताह पर बुधवार को श्री अरविंद महिला कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कॉलेज के गृह विज्ञान और इनर व्हील क्लब की ओर से आयोजित संगोष्ठी में छात्राओं को स्तनपान के महत्व से अवगत कराया गया. कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ पूनम ने बताया कि मां का दूध शिशुओं के लिए अमृत के समान है. स्तनपान से मां और शिशु दोनों स्वस्थ रहते हैं. मुख्य वक्ता एनएमसीएच पटना की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ ममता सिंह ने कहा कि मां का दूध शिशुओं के लिए संपूर्ण आहार होता है.

प्रभात खबर Thu, 04 August 2022 https://epaper.prabhatkhabar